**सेंट मारग्रेट सी० सै० स्कूल**

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

**वार्षिक परीक्षा -** (2024 –202**5)**

**समय 2:30 घंटे** **कक्षा–सातवी(हिन्दी)** **अंक**–60

## खंड - क ( अपठित गद्यांश)

**प्र०.1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

संसार के महान वीर, त्यागी और बलिदानी महापुरुषों में पितामह भीष्म का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। वे महाराजा शांतनु और माता गंगा के इकलौते पुत्र थे। उनके बचपन का नाम देवव्रत था। पुत्र को जन्म देकर गंगा अपने लोक को चली गई तो महाराजा शांतनु पत्नी वियोग में दुःखी रहने लगे। एक दिन गंगा के किनारे उन्होंने मल्लाहों के प्रमुख निषादराज की पुत्री सत्यवती को देखा। सत्यवती अति रूपवती युवती थी। शांतनु ने सत्यवती से विवाह का प्रस्ताव उसके पिता के पास भेजा किंतु निषादराज ने यह शर्त रख दी कि यदि महाराज उत्तराधिकार में सत्यवती के पुत्र को राज्य देने का वायदा करें तो सत्यवती से महाराज का विवाह कर दूँगा। राजा यह शर्त स्वीकार न कर सके और सत्यवती के लिए व्याकुल रहने लगे। देवव्रत ने जब पिता की उदासी का कारण जाना तो उन्होंने निषादराज के सम्मुख आजीवन ब्रह्मचारी रहने की प्रतिज्ञा की जिससे कि सत्यवती के पुत्र को राज्याधिकार प्राप्त करने में कोई अड़चन न आए। इस भीषण प्रतिज्ञा के कारण ही देवव्रत को भीष्म कहा जाने लगा महाराजा शांतनु का सत्यवती से विवाह हुआ और उससे उनके दो पुत्र हुए-चित्रागंद और विचित्रवीर्य। चित्रागंद निःस्तान मरे और विचित्रवीर्य के पुत्र धृतराष्ट्र जन्मांध थे अतः राजगद्दी पांडु को प्राप्त हुई। धृतराष्ट्र के **100** पुत्र हुए जिनमें दुर्योधन सबसे बड़ा था। पांडु के क्रमशः युद्धिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव पांच पुत्र हुए। धृतराष्ट्र के पुत्र कौरव तथा पांडु के पुत्र पांडव कहे जाते थे। अर्जुन धनुर्विद्या में, भीम मल्लयुद्ध में अद्वितीय थे।

1. पितामह भीष्म किसके पुत्र थे **?** 1

2. भीम किस विद्या में अद्वितीय थे। **?** 1

. 3. धृतराष्ट्र के सबसे बड़े पुत्र का नाम क्या था**?** 1

4. देवव्रत ने क्या प्रतिज्ञा ली**?** 1

5. शांतनु किसके वियोग में दुःखी रहते थे ? 1

6. मल्लाहों के प्रमुख का नाम लिखिए | 1

**खंड - ख (व्याकरण)**

**प्र०.2 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्प में से चुनिए :**

(क) रेखांकित शब्द हेतु संज्ञा भेद चुनिए - मुझे काम करने में <u>कठिनाई</u> आती है |1

1 जातिवाचक 2 व्यक्तिवाचक 3 भाववाचक 4 समुदायवाचक

(ख) स्वर के ---- भेद हैं | 1

1 एक 2 दो 3 चार 4 पाँच

(ग) 'मधु' शब्द हेतु उचित समानार्थक शब्द चुनिए: 1

1 मक्खी 2 शहद 3 गर्म 4 मधुरिमा

(घ) वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द चुनिए : 1

1 दुर्जन 2 दूर्जन 3 दुरजन 4 दरुजन

(ङ) आज्ञार्थक का वाक्य चुनिए : 1

1 शाम को जल्दी आ जाना | 2 क्या यह मकान खाली है ?

3 वह सदा सच्च बोलता है | 4 तुम्हारा घर अपना सा लगता है|

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर व्याकरण के आधार पर लिखिए:**

1.स्थान वाचक क्रिया विशेषण का एक उदाहरण लिखिए | 1

2.रीतिवाचक क्रिया विशेषण से वाक्य पूरा कीजिए : 1

सारी किताबे ------ बिक गई |

3.'के सामने' शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाएँ : 1

4.समुच्चय बोधक से वाक्य पूरा कीजिए : 1

काम करो ------- नौकरी छोड़ दो |

5.'वाह- वाह' ! अथवा 'अरे' ! विस्मयादिबोधक शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए| 1

6.उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए : 1

गोदान प्रेमचंद जी का प्रसिद्ध उपन्यास है

7. विराम चिह्नों के नाम लिखिए - 1 ( ) 2 ? 1

'अगर मगर करना' व 'तारे गिनना ' मुहावरों के अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए | 2

**खंड - ग (साहित्य)**

**प्र०3 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

जागो बंसीवारे ललना ! जागो मोरे प्यारे
रजनी बीती, भोर भयो है, घर घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे ।
उठो लालजी ! भोर भयो है, सुर नर ठाढ़े द्वारे।
ग्वाल - बाल सब करत कुलाहल, जय जय सबद उचारै ।।
माखन - रोटी हाथ मुँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै ।

(क) काव्यांश की कवयित्री का नाम लिखिए | 1

1 सीता 2 मीरा 3 महादेवी 4 राधा

(ख) काव्यांश में किसे जगाने की बात की जा रही है**?** 1

1 बच्चों 2 ग्वाल - बाल 3 कृष्ण 4 यशोदा

(ग) 'कुलाहल' शब्द का अर्थ चुनिए | 1

1 कार्य 2 शोर 3 हल 4 कोहरा

(घ) अर्थ स्पष्ट कीजिए : उठो लालजी ! भोर भयो है, सुर नर ठाढ़े द्वारे। 2

**प्र०4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

खिलौनेवाला इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र**,** किंतु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठते। उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता|बच्चे खिलौने देखकर पुलकित हो उठते। वे पैसे लाकर खिलौने का मोलभाव करने लगते। पूछते "इछका दाम क्या है**?** औल इछका**?** औला इछका**?"** खिलौनेवाला बच्चों को देखता और उनकी नन्हीं-नन्हीं उँगलियों से पैसे ले लेता और बच्चों की इच्छानुसार उन्हें खिलौने दे देता। खिलौने लेकर फिर बच्चे उछलने-कूदने लगते और तब फिर खिलौनेवाला उसी प्रकार गाकर कहता "बच्चों को बहलानेवाला**,** खिलौनेवाला"। सागर की हिलोर की भाँति उसका यह मादक गान गली भर के मकानों में इस ओर से उस ओर तक लहराता हुआ पहुँचता और खिलौनेवाला आगे बढ़ जाता।

(क) गद्यांश किस पाठ में से लिया गया है ? 1

(ख) खिलौनेवाले के आगमन पर लोगों में क्या प्रतिक्रिया होती थी? 2

(ग) खिलौनेवाला नगर में आ कर क्या गीत गाता था ? 1

(घ) स्नेहाभिषिक्त शब्द का अर्थ चुनिए : 1

1 विष 2 प्यार में डूबा 3 दादी 4 पिताजी

**प्र०5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अंको के आधार पर लिखिए :**

क -आश्रम का निर्माण कौन व कहाँ करवा रहा था ? 2

ख- कविता 'एक तिनका' हमें क्या सीख देती है ? 2

ग़**-** नीलकंठ के बिना राधा की मानसिक स्थिति कैसी थी ? 3

घ -हमारे यहाँ बहुत से काम लोग खुद नहीं करके किसी पेशेवर कारीगर से करवाते हैं।गांधी जी छेनी**,**हथौड़े**,** बसूले क्यों खरीदना चाहते थे? 3

**खंड - घ ( लेखन)**

प्र०6.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- 5

1. विद्यार्थी व खेल कूद 2. तिरंगा : मेरी शान

प्र०7. दूरदर्शन के महानिर्देशक को टेलिविज़न पर बच्चों के लिए कुछ रोचक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम दिखाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए | 5

अथवा

जन्मदिन पर मित्र को निमन्त्रण देते हुए पत्र लिखिए |

प्र०8 अपने प्रिय बिस्कुट हेतु 80-100 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | 5

प्र० 9 परीक्षा की तैयारी के विषय में बताते हुए पिताजी से हुई बात - चीत को 80 -100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए | 5